देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 70 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...बिहार चुनाव की तैयारी



देहरादून, बृहस्पतिवार, 11 जून 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 36.0° न्यूनतम 24.0° | 34247.05

2 कोरोना के लिए नेपाल ने भारत को कोसा | 7 फैन्स को याद आए सिक्सर किंग युवराज

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में संक्रमितों की संख्या 2,76,583 पहुंची

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में लगातार छठे दिन बुधवार सुबह आठ बजे तक 24 घंटे के भीतर कोरोना वायरस के 9,500 से अधिक मामले सामने आए और 279 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही देश में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 2,76,583 हो गई है और 7,745 लोग इस बीमारी से जान गंवा चुके हैं। जॉन्स हॉप्किन्स विश्वविद्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अमेरिका, ब्राजील, रूस और ब्रिटेन के बाद भारत कोविड–19 से सबसे बुरी तरह प्रभावित पांचवां देश है। मंत्रालय ने बताया कि देश में अब भी 1,33,632 मरीजों का इलाज चल रहा है जबकि 1,35,205 लोग स्वस्थ हो गए और एक मरीज देश छोड़कर चला गया।

### चीन पर राहुल का ट्वीट, बीजेपी बोली–समझ नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बीजेपी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर चीन को लेकर लगातार ट्वीट करके सवाल पूछने पर निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ये वही व्यक्ति हैं जो बालाकोट एयर स्ट्राइक का भी सबूत मांगे थे। उन्होंने कहा कि चीन से मुद्दे पर ट्विटर पर सवाल नहीं पूछे जाने चाहिए। बता दें कि राहुल पिछले कई दिनों से लद्दाख में भारत और चीन के बीच चल रहे तनाव पर सवाल पूछ रहे हैं। उनके इन ट्वीट्स का कई पूर्व सैन्य अफसरों ने विरोध किया है।

### राम जन्मभूमि में 28 साल बाद हुआ शिवलिंग का रुद्राभिषेक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अयोध्या। अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि परिसर के काफी बड़े क्षेत्रफल में कई प्राचीन धार्मिक स्थल मौजूद हैं, जो अब खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। उसी श्रेणी में कुबेर टीला पर बना शिव का मंदिर है। 28 वर्षों से बंद पड़े मंदिर के शिवलिंग का रुद्राभिषेक कर फिर से पूजा–पाठ प्रारंभ कर दी गई।

# बदरीनाथ के लिए भी बने डेवलपमेंट प्लान


100 साल तक की परिकल्पना के हिसाब से डेवलपमेंट प्लान बनना चाहिए

## पीएम ने ड्रोन से केदारनाथ में चल रहे कार्यों का लिया जायजा

**संवाददाता**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ड्रोन के जरिए केदारनाथ में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस वक्त केदारनाथ धाम में निर्माण कार्य तेजी से किए जा सकते हैं, जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य हैं उन्हें चिह्नित कर पहले पूरा किया जाए। पीएम मोदी ने बदरीनाथ धाम के लिए भी डेवलपमेंट प्लान बनाया जाए। अगले 100 साल तक की परिकल्पना के हिसाब से डेवलपमेंट प्लान बनना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केदारनाथ में चल रहे कार्यों की





जानकारी ली। इस दौरान पीएम मोदी ने ड्रोन से धाम में चल रहे विभिन्न कार्यों को परखा।

उन्होंने केदारनाथ मंदिर परिसर, आदिगुरु शंकराचार्य की समाधि, सरस्वती घाट और आस्था पथ, भैरव मंदिर के रास्ते पर बने पुल, केदारनाथ में बन रही गुफाओं, मंदाकिनी नदी पर बन रहे पुल, मंदाकिनी और सरस्वती के संगम पर बन रहे घाटों के निर्माण कार्यों

> केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में विभिन्न कार्यों के लिए राज्य सरकार को केंद्र से हर संभव मदद दी जाएगी।
>
> **-पीएम मोदी।**



की जानकारी ली।

पीएम मोदी ने कहा कि रामबाड़ा से केदारनाथ तक छोटे–छोटे धार्मिक स्थलों को केदारनाथ की ऐतिहासिकता से जोड़ा जाए, जिससे श्रद्धालुओं को केदारनाथ के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व के बारे में भी रोचक जानकारियां मिल सकें। इस क्षेत्र में आध्यात्म से संबंधित भी अनेक कार्य किए जा सकते हैं। इस ओर ध्यान दिया जाए। इससे श्रद्धालुओं को केदारनाथ के दर्शन के साथ ही यहां से जुड़ी धार्मिक और पारंपरिक महत्व के बारे में भी जानकारी मिलेगी। केदारनाथ के आस–पास जो गुफाएं बनाई जा रही हैं, उन्हें सुनियोजित तरीके से विकसित किया जाए, जिससे इनका स्वरूप आकर्षक हो।

**विस्तृत खबर पेज 8 पर...**

### केदारनाथ में निर्माण कार्य तेजी से किए जा सकते हैं



प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी केदारनाथ में निर्माण कार्य तेजी से किए जा सकते हैं। शीर्ष प्राथमिकता के कार्य चिह्नित कर पहले उन्हें पूरा किया जाए। केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में विभिन्न कार्यों के लिए राज्य सरकार को केंद्र से हर संभव मदद दी जाएगी। बदरीनाथ धाम के लिए भी डेवलपमेंट प्लान बनाया जाए। अगले 100 साल तक की परिकल्पना के हिसाब से डेवलपमेंट प्लान बनाया जाए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने केदारनाथ में यात्रा की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली।

# सेना ने ढेर किए 5 और आतंकवादी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

▪भागने का प्रयास कर रहे आतंकी ढेर

शोपियां। जम्मू–कश्मीर के शोपियां जिले में एक बार फिर सेना ने एक आतंकी मुठभेड़ में 5 अज्ञात आतंकियों को मार गिराया है। सेना ने इस ऑपरेशन को शोपियां के सुग्गू गांव में अंजाम दिया है, जहां बीती रात आतंकी मूवमेंट की जानकारी मिली थी। इस एनकाउंटर के बाद इलाके में बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक सेना की राष्ट्रीय राइफल्स को मिलिट्री इंटेलिजेंस के जरिए मंगलवार रात को शोपियां के सुग्गू में दो आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद सेना ने एसओजी और सीआरपीएफ के साथ इलाके की सख्त घेराबंदी की और फिर बड़ा तलाशी अभियान शुरू किया। सैन्य प्रवक्ता के अनुसार, रात करीब पौने 2 बजे शुरू हुए अभियान के बाद बड़ी संख्या में गांव में जवानों को तैनात किया गया।

सुग्गू गांव में पूरी रात चले तलाशी अभियान के बाद यहां पर मौजूद आतंकियों ने सुबह साढ़े पांच बजे के आसपास भागने का प्रयास करते हुए जवानों पर गोलीबारी की। इसके बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए आतंकियों को एक मकान के पास घेरा। काउंटर ऑपरेशन के दौरान सेना ने यहां 5 अज्ञात आतंकियों को मार गिराया।

## आम्रपाली में फ्लैट खरीदने वालों को सुप्रीम खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आम्रपाली मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने होम बॉयर्स को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वह बॉयर्स के होम लोन के बैलेंस को रिलीज करे ताकि आम्रपाली के रुके हुए प्रोजेक्ट का काम हो सके। बैंकों ने बॉयर्स के होम लोन को एनपीए में डाल रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जिन होम लोन को एनपीए में भी डाला गया है उसे फिर से री स्ट्रक्चर्ड करें और लोन की किश्त आरबीआई के गाइडलाइंस के तहत जारी करें।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरुण मिश्रा और जस्टिस यू़यू ललित की अगुवाई वाली बेंच ने आम्रपाली के रुके हुए प्रोजेक्ट के मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर आदेश पारित किया है। बेंच ने कहा कि अगली सुनवाई 17 जून को होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बैंकों को होम लोन को री स्ट्रक्चर करना होगा।

# झगड़े का वक्त नहीं, फूटने वाला है कोरोना बम

## एलजी का आदेश मानेंगे–अरविंद केजरीवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल आज राज्य में कोरोना की स्थिति पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली में कोरोना के केस और बढ़ेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि दिल्ली के सभी अस्पतालों में अब केंद्र के आदेश के अनुसार सभी का इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल अनिल बैजल के आदेश का पालन किया जाएगा। बता दें कि दो दिन पहले गले में खराश और बुखार होने के बाद केजरीवाल का कोरोना टेस्ट हुआ था जो नेगेटिव आया था।

केजरीवाल ने कहा कि कल एसडीएमए की बैठक हुई थी। वहां सरकार ने जो

### युद्धस्तर पर करनी होगी तैयारी

सीएम ने कहा कि कोरोना बम के फूटने से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा, 15 जून तक 6,681 बेड की जरूरत। 30 जून तक 15 हजार बेड, 15 जुलाई तक 33 हजार बेड और 31 जुलाई तक 80 हजार बेड्स की जरूरत होगी। चुनौती बहुत बड़ी है।

आंकड़े पेश किए वो आंकड़े दिखाते हैं कि आने वाले समय में दिल्ली में कोरोना बहुत तेजी से फैलने वाला है। उन्होंने कहा, 15 जून को 44 हजार केस हो जाएंगे। 30 जून तक यह एक 1 लाख, 15 जुलाई को 2 लाख, 31 जुलाई तक लगभग 5.32 लाख कोरोना के केस हो जाएंगे दिल्ली में ।

**एलजी के आदेश का होगा अक्षरशः पालन**

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पहले दिल्ली के अस्पतालों में केवल दिल्लीवालों का इलाज कराने की घोषणा की थी, जिसे उपराज्यपाल ने पलट दिया था। उपराज्यपाल ने आदेश जारी किया कि दिल्ली के हर अस्पताल में सबका इलाज किया जाए।

केजरीवाल ने कहा, केंद्र और एलजी ने आदेश पारित कर दिया तो अब जो निर्णय केंद्र का हो गया उसका लागू किया जाएगा।

# भारत की चीन के सामने शर्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में बॉर्डर के पास तीन जगहों से भारत और चीन ने अपने–अपने सैनिक थोड़ा पीछे किए हैं। भारत का साफ कहना है कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर तनाव पूरी तरह से तभी खत्म होगा, जब चीन अपने सारे सैनिकों को साजोसामान समेत वापस बुला लेगा। चीन ने भारतीय इलाके के नजदीक आर्टिलरी और टैंक रेजिमेंट्स को तैनात किया हुआ है। बुधवार को दोनों देशों के बीच मेजर जनरल लेवल की बातचीत हुई है।

लद्दाख से हटाए सैनिकों का जमावड़ा: रिपोर्ट

इससे पहले, 6 जून को मिलिट्री कमांडर लेवल की मीटिंग के बाद दोनों सेनाएं पीछे हटी हैं।

न्यूज एजेंसी ने सरकार के शीर्ष सूत्रों के हवाले से लिखा है कि पूर्व लद्दाख सेक्टर में डिसएंगेजमेंट शुरू हो गया है मगर हम चाहते हैं कि एलएसी सटे इलाकों में चीन ने जो एक डिविजन से भी ज्यादा (10,000) सैनिक तैनात कर रखे हैं, उन्हें हटाया जाए।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in